सुविचार प्रयास करे कि आलोचना ओर प्रसन्नता जीवन को प्रभावित न कर सके ।

डीजिटल संस्करण https://sbpatra.in पर उपलब्ध

सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - १ अंक - २६ सोमवार – १६/१२/२०२४ पृष्ठ – ४ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण


## सम्पादकीय

### मोदी के विकसित भारत की उडान भरता मध्यप्रदेश।

*प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का सपना साकार हो रहा है। इस सपने को साकार करने में स्वास्थ्य क्षेत्र की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि एक स्वस्थ राष्ट्र ही समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र बन सकता है। स्वास्थ्य सेवाओं में नवाचार, तकनीकी विकास और गुणवत्ता सुधार के प्रति प्रतिबद्धता के साथ भारत वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इसी दिशा में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में राज्य ने लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। जहां एक ओर प्रदेश में वर्ष– 2003 तक सिर्फ 5 शासकीय मेडिकल कॉलेज थे। अब 17 मेडिकल कॉलेज संचालित है। हाल ही में 3 नये मेडिकल कॉलेज नीमच, मंदसौर, सिवनी का शुभारंभ माननीय प्रधानमंत्री श्री मोदी के कर कमलों से संपन्न हुआ है। आगामी 2 वर्षों 8 शासकीय और 12 मेडिकल कॉलेज च्च्च मोड पर प्रारंभ करने की योजना प्रक्रियाधीन है। राज्य सरकार प्रत्येक जिले के लिए एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में हम निरंतर प्रयास कर रहे हैं पिछले एक वर्ष में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की दूरदर्शिता और दृढ़–संकल्प ने प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र में कई ऐतिहासिक पहल की हैं। उज्जैन में प्रदेश की पहली मेडिसिटी और एक नए चिकित्सा महाविद्यालय के लिए 592.30 करोड़ रूपये का प्रावधान किया है। 13 शासकीय नर्सिंग महाविद्यालयों की स्थापना के लिए स्वीकृति दी है। स्वास्थ्य संस्थानों के लिए 46,491 नए पद सृजित किए गए हैं। यह कदम न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करेगा। प्रदेश में दो वर्षों से लंबित लगभग एक लाख नर्सिंग छात्र–छात्राओं की परीक्षा इस वर्ष आयोजित की गई, जिससे उनके भविष्य को लेकर उपजे संदेह का निराकरण हुआ है। प्रदेश के हर नागरिक को उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना मुख्यमंत्री की प्राथमिकता रही है।*

## लालकृष्ण आडवाणी आईसीयू में भर्ती ,सात महिने मे चौथी बार तबीयत बिगडी

**भाजपा के फाउन्डर और 7 वे उप प्रधानमंत्री रहे। आडवाणी का जन्म पाकिस्तान के कराची मे हुआ था।**



*भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी को दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया आईसीयु में भर्ती हैं। अस्पताल के मुताबिक उनकी हालत स्थिर है। 97 साल के आडवाणी को करीब दो दिन पहले अस्पताल लाया गया था। उनके परिवार ने बताया कि उन्हें सर्दी–खांसी की परेशानी हुई थी, जो पॉल्यूशन के चलते और बढ़ गई।*

*फिलहाल उन्हें 48 घंटे के लिए न्यूरोलॉजी विभाग में डॉ. विनीत सूरी की देखरेख में रखा गया हैं। कल के बाद उन्हें डिस्चार्ज किया जा सकता है। इससे पहले, 26 जून को एम्स दिल्ली में यूरोलॉजी डिपार्टमेंट की निगरानी में उनका एक छोटा ऑपरेशन हुआ था। अगले दिन उन्हें अस्पताल से छुट्घ्टी मिल गई थी। करीब एक हफ्ते बाद 3 जुलाई को रात 9 बजे अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अपोलो में भर्ती कराया गया था। हालांकि, एक दिन बाद ही वे घर आ गए थे।इसके बाद 6 अगस्त को भी उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। उनकी बेटी प्रतिभा आडवाणी ने बताया था कि उन्हें रूटीन चेकअप के लिए हॉस्पिटल ले गए थे।*

*आडवाणी 31 मार्च को भारत रत्न से सम्मानित हुए – 31 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित किया था। लालकृष्ण आडवाणी को 31 मार्च को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके घर जाकर भारत रत्न से सम्मानित किया था। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी ने 3 फरवरी को उन्हें भारत रत्न देने की घोषणा की थी। इससे पहले 2015 में आडवाणी को देश के दूसरे सबसे नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। एनडीए की जीत के बाद आडवाणी से मिलने पहुंचे थे मोदी – 2024 लोकसभा चुनाव में एनडीए की लगातार तीसरी बार जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 जून को लालकृष्ण आडवाणी से आशीर्वाद लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्ह्होंने आडवाणी को गुलदस्घ्ता भेंट किया था।लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को आए थे। भाजपा 240 सीटें लाइ सहयोगी दलों को मिलाकर एनडीए ने कुल 293 सीटें जीती थीं। आडवाणी भाजपा के फाउंडर मेंबर, 7वें उप प्रधानमंत्री रहे – आडवाणी का जन्म 8 नवंबर 1927 को कराची में हुआ था। 2002 से 2004 के बीच अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में 7वें उप प्रधानमंत्री रहे। इस दौरान 1998 से 2004 के बीच एनडीए सरकार में गृहमंत्री भी रहे थे।*

**आडवाणी भाजपा के फाउंडर मेंबर - 7वें उप प्रधानमंत्री रहे - आडवाणी का जन्म 8 नवंबर 1927 को कराची में हुआ था। 2002 से 2004 के बीच अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में 7वें उप प्रधानमंत्री रहे। इस दौरान 1998 से 2004 के बीच एनडीए सरकार में गृहमंत्री भी रहे थे। वे भाजपा के फाउंडर मेंबर्स में शामिल हैं।**

## शम्भू बॉर्डर पर किसानो का दिल्ली मार्चा, बेरिकेड तोडने कि कोशश, हरियाणा पुलिस ने आँसू गैस के गोले दागे।

*घग्गर नदी पर बने पुल पर पुलिस ने उन्हे रोक।*



*हरियाणा–पंजाब के शंभू बॉर्डर से 101 किसान दोपहर 12 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुए, लेकिन घग्गर नदी पर बने पुल पर उन्हें हरियाणा पुलिस ने रोक दिया। आधे घंटे तक पुलिस और किसानों में बहस हुई। इसके बाद किसानों ने जाली उखाड़ने की कोशिश की। पुलिस किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़ रही है। इसके साथ वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। 8 किसान घायल हो गए हैं। उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। इससे पहले 2 बार हरियाणा पुलिस किसानों को बॉर्डर से खदेड़ चुकी है। उधर, हरियाणा सरकार ने अंबाला जिले के 12 गांवों में इंटरनेट बैन 18 दिसंबर तक बढ़ा दिया है। ये सेवाएं सुबह 6 बजे से 17 दिसंबर रात 12 बजे तक बंद रहेंगी। वहीं खनौरी बॉर्डर पर संयुक्त किसान मोर्चा (नॉन पॉलिटिकल) के नेता जगजीत डल्लेवाल लगातार 19वें दिन आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। सरवण पंधेर` कहा कि डल्लेवाल की सेहत को लेकर पूरा देश चिंतित है पीएम नहीं।*

## अल्लू अर्जुन अठारहा घण्टे बाद रिहा मिडिया से बातचीत मे कहा कानुन का हमेश सम्मोन

*भगदड मे एक व्यक्ति की मौत होन पर हुई जैल।*



*पुष्पा–2 एक्टर अल्लू अर्जुन शनिवार सुबह करीब 6.30 बजे चंचलगुडा सेंट्रल जेल से रिहा हुए। उनके पिता अल्लू अरविंद और ससुर कंचरला चंद्रशेखर रेड्डी उन्हें लेने जेल पहुंचे थे। अल्लू करीब 18 घंटे कस्टडी में रहे। रिहाई के बाद अल्लू गीता आट्र्स प्रोडक्शन हाउस पहुंचे। इसके बाद 9 बजे के करीब अल्लू हैदराबाद स्थित अपने घर पहुंचे। घर पर उनकी नजर उतारी गई। मां के गले लगकर वह अंदर गए। परिवार वालों से मुलाकात की। उसक बाद दोबारा बाहर आए और मीडिया से बातचीत की। रिहाई के बाद अल्लू का पहला रिएक्शन... मैं प्यार और समर्थन के लिए सभी फैंस का शुक्रिया अदा करता हूं। चिंता की कोई बात नहीं है। मैं ठीक हूं। मैं कानून का पालन करने वाला नागरिक हूं। मैं एक बार फिर पीड़ित परिवार के प्रति दुख व्यक्त करता हूं। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी। जो कुछ हुआ उसके लिए हमें खेद है।*

## दिल्ली के स्कूलों में सात दिन में तीसरी बार धमकी - धमकी देने वाला स्कूल का ही बच्चा, काउंसलिंग की गई ।

*दिल्ली के कई स्कूलों में 7 दिन में तीसरी बार बम की धमकी मिली है। क्चै आरके पुरम में पुलिस की टीम जांच के लिए पहुंच गई है। धमकी वाला मेल सुबह 6 बजे आया था। दिल्ली के स्कूलों में धमकी से जुड़ा दो दिन में यह दूसरा मामला है। हालांकि, आज धमकी वाले मामले में पुलिस ने एक बच्चे से पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, छात्र ने अपने ही स्कूल को धमकी भरा ईमेल भेजा था। प्च एड्रेस का पता लगाने के बाद, पुलिस उसके घर पहुंची। जहां बच्चे ने धमकी देने वाली बात स्वीकार कर ली। फिलहाल बच्चे की काउंसलिंग की जा रही है।*

*दिल्ली के 30 स्कूलों को शुक्रवार को भी धमकी मिली थी। स्कूलों में ईमेल भेजने वाले ने लिखा था कि 13–14 दिसंबर को पेरेंट्स मीटिंग और स्पोर्ट्स डे पर बम विस्फोट होंगे। जांच में पता चला था कि ईमेल देश के बाहर से आए थे।*

## महाराष्ट्र में फडनवीस कैबिनेट का विस्तार पन्द्राह दिसम्बर को बत्तीस मंत्री शामिल होगे।



*होगा। इसमें शामिल होने वाले मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह नागपुर में होगा। महाराष्ट्र में मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री समेत ज्यादा से ज्यादा 43 सदस्य हो सकते हैं। इसलिए फडणवीस की कैबिनेट में 30–32 मंत्री शपथ ले सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि भाजपा को 20–21 मंत्री पद मिलने की संभावना है। जबकि शिवसेना को 11–12 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को 9–10 मंत्री पद मिल सकते हैं। यह भी कहा जा रहा है कि संभावित मंत्रियों को ब्ड फडणवीस खुद फोन करेंगे। राज्य भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने शुक्रवार को कैबिनेट को फाइनल करने के लिए डिप्टी सीएम शिंदे और अजित पवार से अलग–अलग चर्चा की। एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने अपने मंत्रियों की लिस्ट मुख्यमंत्री फडणवीस को दे दी है।*



डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध



# नीमच में खाद्य विभाग कार्यवाही, महाकाल इंडस्ट्रीज पर मारा छापा।

## एक्सपायरी डेट नही होने पर खाद्य पदार्थ जप्त।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने ग्वालटोली क्षेत्र में महाकाल फूड इंडस्ट्रीज पर मारा छापा, कुरकुरे, चिप्स और अन्य खाद्य सामग्री के सैंपल लिए।

नीमच के उपनगर ग्वालटोली क्षेत्र में शुक्रवार रात को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने यहां स्थित महाकाल फूड इंडस्ट्रीज पर छापा मारा और वहां से कुरकुरे, चिप्स आदि खाद्य सामग्री के नमूने लिए। इसके अलावा, पैकिंग किए गए एक्सपायरी डेट न होने वाले खाद्य पदार्थों को जब्त किया गया।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने नमूने जांच के लिए लैब भेजे – यह कार्रवाई एक जागरूक नागरिक की शिकायत के बाद की गई, जिसमें बताया गया था कि ग्वालटोली क्षेत्र में स्थित इस फैक्ट्री में बिना एक्सपायरी डेट के पैकिंग किए गए कुरकुरे बनाए जा रहे हैं। शिकायत के बाद कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी यशवंत  शर्मा ने ग्वालटोली के बंगाली कॉलोनी में स्थित महाकाल फूड्स पर यह कार्रवाई की।

मौके पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कुरकुरे, फिंगर और चिप्स सहित अलग–अलग प्रकार के 10 प्रोडक्ट के सैंपल लिए। इन नमूनों को जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। इसके अलावा, पैकिंग और एक्सपायरी डेट न होने के कारण प्रकरण बनाकर ।क्ड न्यायालय में पेश किया जाएगा, जहां से आदेश आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, बड़ी मात्रा में कुरकुरे और अन्य खाद्य सामग्री को जब्त कर लिया गया है।

# किसान ३१ दिसंबर तक करा सकते है फासल बीमा।

नीमच द्य फसलों को प्रतिकूल मौसम से होने वाली क्षति, उपज में कमी के कारण किसानों को होने वाली आर्थिक हानि की प्रतिपूर्ति के लिए सुरक्षा कवच के रूप में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित है। इसके तहत किसानों को 80 प्रतिशत तक की क्षति पूर्ति की जाती है। 2024–25 में फसलों का बीमा कराने के लिए अंतिम तारीख 31 दिसंबर तक है। फसल बीमा संबंधित अधिक जानकारी के लिए कंपनी के जिला प्रतिनिधि जितेंद्रसिंह तंवर से 8878867976 और कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

# गुमशुदा बेटी की तलाश के लिए परिवर ने एसपी से लगाई गुहार

नीमच में शुक्रवार शाम एसपी ऑफिस पर जिले के जावद थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अठाना गांव का एक पीड़ित परिवार, समाज जनों के साथ पहुंचा। जहां उन्होंने एसपी के नाम एक शिकायती आवेदन दिया। आवेदन के माध्यम से पीड़ित परिवार ने बताया कि 5 दिसंबर को उनकी विवाहित पुत्री अपनी मां को ससुराल जाने का बोलकर चली गई। मगर जब वह ससुराल नहीं पहुंची, तो परिजनों ने रिश्तेदारों के यहां भी तलाश की। लेकिन वह कहीं नहीं मिली। पीड़ित परिवार ने जावद थाने में 6 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज करवाई। मगर 10 दिन बीत जाने के बावजूद भी अब तक उनकी बेटी का पता नहीं चला है। पुलिस ने शिकायत पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। जबकि पीड़ित परिवार ने इस मामले में उस दिन से ही गायब चल रहे गांव के ही रहने वाले अमर सिंह नामक व्यक्ति पर शंका जाहिर कर रिपोर्ट में उसका जिक्र किया था पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस ने बेटी को ढूंढने का कोई प्रयास नहीं किया।

सत्य का ब्रह्मास्त्र
स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)

https//:sbpatra.in

पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

YouTube

SWATANTRA BODDHIK PATRA

खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/





# निःशुल्क ई-पेपर प्रति सोमवार को वेब पोर्टल https://sbpatra.in/ से डाउनलोड कर सकते है।

# स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)



https//:sbpatra.in



पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

# भारत ने रूस से एस चार सौ मिसाईल सिस्टम कि डिलीवरी करानो को कहा पुतिन ने दोनो देशे की दोस्ती ऊँचे पर्वत से भी ऊँची बताई l

*इस डील के तहत रूस भारत को अब तक तीन युनिट एस ४०० मिसाईल सिस्टम सौप चूका है*




भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रूस की राजधानी मॉस्को में मंगलवार को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर चर्चा की। इस दौरान भारतीय रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत–रूस में साझेदारी की अपार संभावनाएं हैं।

बैठक के दौरान राजनाथ सिंह ने कहा– भारत–रूस के बीच दोस्ती सबसे ऊंचे पर्वत से भी ऊंची और सबसे गहरे महासागर से भी गहरी है। भारत हमेशा अपने रूसी मित्रों के साथ खड़ा रहा है और भविष्य में भी ऐसा ही करता रहेगा। पुतिन से मुलाकात से पहले राजनाथ सिंह ने रूसी रक्षा मंत्री आंद्रे बेलौसोव से मुलाकात की थी। इस दौरान राजनाथ सिंह ने सतह से हवा में मार करने वाली एस –400 मिसाइल सिस्टम की दो बची हुई यूनिट की जल्द डिलीवरी पर जोर दिया।भारत और रूस के बीच 2018 में एस 400 एयर डिफेंस सिस्टम को लेकर डील हुई थी। इस डील के तहत, रूस भारत को अब तक 3 यूनिट एस –400 सौंप चुका है। ये चीन–पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात हैं। एस 400, रूस का एक लंबी दूरी का मिसाइल सिस्टम है। इसे 400 किलोमीटर की दूरी तक विमान, ड्रोन, और मिसाइलों का पता लगाने, ट्रैक करने, और नष्ट करने के लिए बनाया गया है।

रूस ने भारत को सौंपा आईएनएस तुशिल – रक्षामंत्री राजनाथ सिंह 8 से 10 दिसंबर 2024 तक रूस की यात्रा पर हैं। रक्षा मंत्री ने सोमवार को कालिनिनग्राद का दौरा भी किया, जहां पर वह प्छै तुशिल की फ्लैग रेजिंग सेरेमनी में शामिल हुए। यह जंगी जहाज एक स्टेल्थ फ्रिगेट है। जिसमें कई एडवांस सिस्टम और मल्टी–रोल वेपन सिस्टम लगे हुए हैं। इससे भारतीय नौसेना की ताकत में काफी इजाफा होगा।

## बांग्लादेश में हिन्दुओ की सुरक्षा ओवैसी ने उठाया मुद्दा एस जय शंकर बौल युनुस सरकार से एक्शन लेने को कहा

**विदेश मंत्री ने कहा हमने इस घटना पर ध्यान भी दिया है ओर हमारे विदेश सचिव ने ढाका का दौरा भी किया।**




लोकसभा में बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर उठाए गए सवाल के जवाब में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि वहां अल्पसंख्यकों के साथ हिंसा की कई घटनाएं हुई हैं। हमने इन घटनाओं पर ध्यान भी दिया है। हाल ही हमारे विदेश सचिव ने ढाका का दौरा किया था। वहां मीटिंग के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा भी हुई थी। हमें उम्मीद है कि बांग्लादेश अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त कदम उठाएगा। दरअसल लोकसभा में कार्यवाही के दौरान सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा और विदेश नीति से जुड़े दूसरे मुद्दों पर सवाल किया था। इसके अलावा विदेश मंत्री ने म्यांमार के मुद्दे पर पूछे गए एक सवाल के सवाल के जवाब में बताया कि भारत सरकार म्यांमार के साथ बनी ओपन रिजीम पॉलिसी को रिव्यू कर रही है। इस पॉलिसी के तहत लोगों के बॉर्डर के आर–पार जाने की परमिशन होती है। हालांकि, भारत ने फिलहाल इस पर रोक लगा रखी है। भारत ने हसीना के बयानों से पल्ला झाड़ा विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बुधवार को पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी को बताया कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकारी की आलोचना करने वाले शेख हसीना के बयानों का भारत समर्थन नहीं करता है। हसीना के इन बयानों से दोनों देशों के संबंधों को नुकसान पहुंच रहा है। विदेश सचिव ने कहा कि भारत का बांग्लादेश के साथ संबंध किसी एक पार्टी तक सीमित नहीं हैं। यह दोनों देशों के नागरिकों पर आधारित हैं।

## अफगानिस्तान में आत्मघाती हमला मंत्री की मोत बॉडी गाड्स भी मारे गए।

**अभी तक हमले कि जिम्मेदारी किसी ने नही ली ,आईएसआईएस पर शक**

अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में बुधवार को एक आत्मघाती हमले में तालिबान के शरणार्थी मंत्री खलील रहमान हक्कानी की मौत हो गई। हमला शरणार्थी मंत्रालय में तब हुआ, जब हक्कानी प्रार्थना के लिए बाहर जा रहे थे। इसमें 4 बॉडीगाड्र्स की भी मौत हो गई। अब तक हमले के समय की जानकारी नहीं मिल पाई है।

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, खलील हक्कानी के भतीजे अनस हक्कानी ने अपने चाचा के मौत की पुष्टि की है। अब तक किसी भी ग्रुप ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली।

कौन था खलील हक्कानी, अमेरिका ने 50 लाख डॉलर का इनाम रखा था

खलील हक्कानी अफगानिस्तान में हक्कानी नेटवर्क के प्रमुख लीडर में से एक था। वो तालिबान के इन्टर्नल मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी का चाचा था। अमेरिका ने खलील को वैश्विक आतंकवादी घोषित किया था। इस पर 50 लाख डॉलर (42 करोड़ रुपए) का इनाम भी रखा था।

## बांग्लादेश में अब जॉय बांग्ला राष्ट्रीय नारा नही माना जाएगा।

**जॉय बांग्ला काजी नजरूल इस्लामी कविता से लिया गया l**



बांग्लादेश में जॉय बांग्ला को राष्ट्रीय नारा नहीं माना जाएगा। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेशी सरकार ने हाल ही में इसे लेकर आदेश जारी किया है। बांग्लादेश के पहले राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान ने 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इस नारे का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया था। डेली स्टार के मुताबिक, बांग्लादेशी सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इस सरकारी आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि राष्ट्रीय नारा सरकार की पॉलिसी का मामला है और न्यायपालिका को इसमें दखल नहीं देना चाहिए।

इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, जॉय बांग्ला नारा कवि काजी नजरुल इस्लाम की कविता से लिया गया है। उन्होंने 1922 में भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लिखी एक कविता में इसका जिक्र किया था। 1971 में बांग्लादेश स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान इसका इस्तेमाल युद्धघोष की तरह किया गया।

## सिरिया छोड भागे असद को पुतिन ने दि पनाह तुर्किया छह महिने पहले से जानता था तख्तापलट होगा।

*ईरानी सैन विद्रोह को रोक न सकी – ईरानी विदेश मंत्री*



सीरिया में विद्रोहियों के कब्जे के बाद राष्ट्रपति बशर अल–असद देश छोड़कर रूस भाग गए हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने असद और उनके परिवार को राजीतिक शरण दी है। जबकि अमेरिका ने सीरिया में असद सरकार के पतन का स्वागत किया है।

रूस के राष्ट्रपति आवास के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने जानकारी दी है कि सीरिया के राष्ट्रपति को शरण देना पुतिन का निजी फैसला था। पेस्कोव ने कहा कि वह ये जानकारी नहीं देंगे कि असद को कहां ठहराया गया है। वहीं न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने दावा किया है कि विद्रोहियों ने 6 महीने पहले ही तुर्किये को ये जानकारी दे दी थी कि वे असद का तख्तापलट करने वाले हैं। दूसरी तरफ, असद सरकार के सहयोगी ईरान ने सीरिया में हुए तख्तापलट को लेकर हैरानी जताई है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने रविवार को कहा, ष्इस बात से हैरान हूं कि सीरियाई सेना, विद्रोहियों को रोक नहीं सकी, यह सब बहुत तेजी से हुआ।

अरागची ने यह भी कहा कि सीरिया के राष्ट्रपति असद ने ईरान से कोई मदद नहीं मांगी थी। वहीं, भारत भी सीरिया के हालात पर नजर बनाए हुए है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में कहा– हमारी अपील है कि सीरिया की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता की रक्षा हो। लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए वहां शांति के साथ राजनीतिक प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाए।

## इजराइल कर सकता है इरान के परमाणु ठिकानो पर हमाला

**सीरिया का एयर डिफेंस तबाह और हिजबुल्लाह के आंतकियो को निशाना बनाया।**



इजराइल डिफेंस फोर्सेस ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला करने की फिराक में है। गुरुवार को इजराइली अधिकारियों ने बताया कि पश्चिमी एशिया में ईरान समर्थित विद्रोही गुटों के कमजोर पड़ने के बाद उसके परमाणु ठिकानों पर हमले के लिए ये सही समय है। सैन्य अधिकारी सही मौके की तलाश में हैं। के अधिकारियों का मानना है कि लेबनान में हिजबुल्लाह के कमजोर पड़ने और सीरिया में असद सरकार के पतन के बाद ईरान अकेला पड़ गया है। ऐसे में वह अपने परमाणु कार्यक्रम को आगे बढ़ा सकता है। साथ ही अपनी क्षमता को बढ़ाने के लिए परमाणु बम भी बना सकता है। दूसरी तरफ इजराइली सेना सीरिया में लगातार एयर स्ट्राइक कर सैन्य ठिकानों को निशाना बना रही है।इजराइली हमलों में सीरिया का 85: एयर डिफेंस तबाह – सीरियामें असद सरकार के तख्तापलट के बाद से इजराइली हमले जारी हैं। इजराइल सीरिया के सैन्य ठिकानों और हथियारों को निशाना बना रहा है। अब तक इजराइल के हमलों में 85: से ज्यादा एयर डिफेंस सिस्टम तबाह हो चुका है। हमलों में 107 एयर डिफेंस कॉम्पोनेंट्स और 47 रडार नष्ट कर दिए गए हैं। इससे पहले रविवार और सोमवार को इजराइल ने सीरियाई एयरबेस और हथियारो डिपो को निशाना बनाया था। इन हमलों में सैकड़ों मिसाइल, 27 लड़ाकू विमान और 24 हेलिकॉप्टर तबाह कर दिए थे। इसके अलावा इजराइल ने सीरिया के लटाविया में नौसैनिक ठिकानों को भी निशाना बनाया था। इन हमलों में सीरिया के 15 नौसैनिक जहाज तबाह हो गए थे। इन हमलों के लिए इजराइल ने 1800 से ज्यादा हथियारों का इस्तेमाल किया था।

खबरों के लिए लोगिंन करे

https://sbpatra.in/

स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक बेवसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्य सामग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीय अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है । - सम्पादक मधुसूदन शर्मा